टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड
THDC INDIA LIMITED

संगठन के प्रकार्यों एवं कर्तव्यों का विवरण

(क) संगठन का विवरण:

(क)	गठन की तिथि	12 जुलाई, 1988
(ख)	गठन का प्रकार	कंपनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के अंतर्गत एक सरकारी कंपनी के रूप में निगमित।
(ग)	प्रशासनिक मंत्रालय	विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार
(घ)	विनिवेश	शून्य
(ङ)	वर्तमान स्थिति	कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 2(45) के अंतर्गत एक सरकारी कंपनी।
(च)	प्राधिकृत शेयर पूंजी	₹ 6,00,000.00 लाख
	सबस्क्राइब, निर्गत और प्रदत्त शेयर पूंजी	₹ 3,66,588.00 लाख
(छ)	वर्तमान शेयरधारिता	74.496% इक्विटी एनटीपीसी लिमिटेड के पास तथा 25.504% इक्विटी उत्तर प्रदेश सरकार के पास।
(ज)	स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्धता	गैर सूचीबद्ध कंपनी
(झ)	पंजीकृत कार्यालय का पता	गंगा भवन, प्रगति पुरम, बाईपास रोड, ऋषिकेश, उत्तराखंड, भारत - 249201

(ख) संगठन की अभिदृष्टि, मिशन, तात्विक मूल्य एवं उद्देश्य द्वारा उसके प्रकार्य एवं कर्तव्य परिभाषित किए हैं ।

अभिदृष्टि

"एक एकीकृत वैश्विक ऊर्जा संगठन जो भारत की शुद्ध-शून्य आकाँक्षाओं की अभिप्राप्ति के लिए सतत समाधान प्राप्त करे।"

मिशन

• विविध स्रोतों से स्वच्छ और किफायती ऊर्जा उपलब्ध कराना ।

• उभरती ऊर्जा प्रौद्योगिकियों की खोज करना एवं सुचारु परिवर्तन को सक्रिय करने के लिए गुणवत्तापरक स्थायी समाधान प्रदान करना ।

• व्यक्तियों को सक्षम एवं विकसित करते हुए परिवर्तन को अंगीकार करने हेतु संगठनात्मक क्षमताओं का निर्माण करना ।

• व्यावसायिक गतिविधियों में उच्चतम नैतिक मानकों एवं सत्यनिष्ठा को सुनिश्चित करना ।

• सामाजिक रूप से उत्तरदायी रहकर कार्य करना एवं पर्यावरण एवं व्यक्तियों के प्रति प्रतिबद्ध होकर कार्य करना ।

• उच्च उत्पादकता और दक्षता को हासिल करने के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को अंगीकृत करना ।

• संसाधनों के अधिकतम दोहन के लिए रचनात्मकता और नवाचार को बढ़ावा देना ।

तात्विक मूल्य

ASPIRE

A : Accountability (जवाबदेही)

S : Sustainability (पर्यावरणीय स्थिरता)

P : Passion (जोश)

I : Innovation(नवाचार)

R : Respect (सम्मान)

E : Ethics (नैतिकता)

उद्देश्य

क) अल्पावधि उद्देश्य (1 – 2 वर्ष)

- खुर्जा एसटीपीपी (1320 मे.वा.) के शेष प्रमुख पैकेजों को अक्टूबर, 2020 तक अवार्ड करना ।
- केरल में 50 मे.वा. की सोलर पावर परियोजना की वर्ष 2020 में कमीशनिंग ।
- उ.प्र. में 1800 मे.वा. के अल्ट्रा मेगा सोलर पार्क के विकास के लिए एसपीवी के गठन के साथ-साथ भूमि के संबंध में अंतिम निर्णय करना ।
- उत्तराखण्ड राज्य एवं संपूर्ण भारत में जल विद्युत परियोजनाएं हासिल करना ।
- उपलब्ध आंतरिक तकनीकी एवं प्रबंकीय विशेषज्ञता का उपयोग करते हुए व्यवसाय विविधीकरण।
- 700 मे.वा. के मलशेज घाट पीएसएस हेतु महाराष्ट्र सरकार के साथ कार्यान्वयन करार को अंतिम रूप देना एवं हस्ताक्षर करना ।
- बोकांग बेलिंग (200 मे.वा.) की डीपीआर तैयार करना एवं प्रस्तुत करना ।
- बुनाखा एचईपी के कार्यान्वयन के लिए भूटानी पीएसयू के साथ संयुक्त उपक्रम के गठन के लिए तौर तरीकों को स्थायी रूप देना।
- संकोश एचईपी (2585 मे.वा.) हेतु तौर तरीकों को स्थायी रूप देना ।

ख) मध्यावधि उद्देश्य (2 – 5 वर्ष)

- वर्ष 2022-23 तक टिहरी पीएसपी (1000 मे.वा.) की कमीशनिंग ।
- वर्ष 2023-24 तक विष्णुगाड पीपलकोटी एचईपी(444 मे.वा.) की कमीशनिंग ।
- वर्ष 2024-25 तक खुर्जा एचटीपीपी(1320 मे.वा.) की कमीशनिंग ।
- वर्ष 2024-25 तक सोलर पावर परियोजना (एसईसीआई के साथ) कुल 200 मे.वा. की कमीशनिंग ।
- बोकांग बेलिंग (200 मे.वा.) के कार्यो को अवार्ड करना।

ग) दीर्घावधि उद्देश्य (> 5 वर्ष)

- वर्ष 2028-29 तक निम्न परियोजनाओं की कमीशनिंग सुनिश्चित करना

क्र.सं.	**योजना का नाम**	**क्षमता**
1.	झेलम तमक एचईपी	108 मे.वा.
2.	बोकांग बेलिंग	200 मे.वा.
3.	मलशेज घाट पीएसएस	700 मे.वा.

- वर्ष 2027-28 तक नवीकरणीय ऊर्जा (पवन विद्युत एवं सौर विद्युत) क्षेत्र में 500 मे.वा. की संस्थापित क्षमता हासिल करना ।